**भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA**
**अंतरिक्ष विभाग/DEPARTMENT OF SPACE**
**निर्माण व अनुरक्षण ग्रूप/CONSTRUCTION AND MAINTENANCE GROUP**
**विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र/VIKRAM SARABHAI SPACE CENTRE**
**तिरुवनंतपुरम/THIRUVANANTHAPURAM – 22**
**(फोन नं. /Ph. No. 0471 – 2564568 / 2564545)**

**ई-निविदा सूचना सं. वीएसएससी/सीएमजी/ई01/22/2025-2026 दिनांक 18.11.2025**
**E-Tender Notice No. VSSC/CMG/E01/22/2025-2026 Dated 18.11.2025**

# ई-निविदा आमंत्रित करते हुए सूचना/NOTICE INVITING E-TENDER

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-टेंडरिंग द्वारा ऑनलाइन मद-दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं| On behalf of the President of India, online item-rate tenders are invited through e-tendering for the following work.

| **क्र.सं.** Sl. No. | **विवरण /** Description | **ब्यौरे /** Details |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का शीर्षक/Title of work | टर्ल्स, वीएसएससी, तुंबा में परीक्षण रिग / हार्डवेयर समुच्चयन तैयारी एवं भंडारण सुविधा में विद्युत कार्य / Electrical works in test rig / hardware assembly preparation and storage facility at TERLS, VSSC. |
| 2. | निविदा में दी गई अनुमानित लागत/ Estimate cost put to tender | **₹40.29 लाख /Lakhs** |
| 3. | कार्य पूरा होने की तिथि, महीनो में, जिसे कार्य आदेश होने की तिथि के 15वें दिन से गिना जाए Period of completion in months reckoned from the 15th day of date of issue of work order | (10) दस महीने / Ten Months |
| 4. | अवधि जिसके दौरान निविदा दस्तावेज़ को डाउनलोड किया जा सकता है Period during which the tender document can be downloaded. | से/From 19.11.2025, 10.00 बजे/Hrs. तक/to 02.12.2025, 23.00 बजे/Hrs. |
| 5. | बोली स्पष्टीकरण Bid clarifications | से/From 20.11.2025, 09.00 बजे/Hrs. तक/to 03.12.2025, 12.00 बजे/Hrs. |
| 6. | निविदा पाने की अंतिम तिथि व समय Last date and time for receipt of tenders | को तक/Up to 08.12.2025, 23.00 बजे/Hrs. |
| 7. | निविदा खोलने की अंतिम तिथि व समय Due date and time of opening of tenders | को/On 10.12.2025, 15.00 बजे/Hrs. |
| 8. | बयाना जमा राशि (ईएमडी) Earnest money deposit (EMD) | ₹80,580.00 |

2. टेंडरिंग में भाग लेने हेतु योग्यता मानदंड
Eligibility Criteria for participation in tendering -
एजेंसी को निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना होगा/ The agency shall fulfill the following conditions.

| क्र. सं.<br>Sl. No. | योग्यता मानदंड/ Eligibility Criteria | योग्यता हेतु लिखित प्रमाण /<br>Documentary proof for the eligibility<br>(स्कैन कर अपलोड किया जाए/<br>To be scanned & uploaded) |
|---|---|---|
| a. | बोलियों के प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि के पिछले दिन समाप्त होनेवाले पिछले सात वर्षों के दौरान नीचे उल्लिखितानुसार कार्यों को संतोषजनक रूप से पूरा किया होना चाहिए।<br>Should have satisfactorily completed the works as mentioned below during the last 7 years ending previous day of last date of submission of bids.<br>i. तीन समान कार्य, जिनमें प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत, जो कि **₹16.12 लाख** के 40% से कम न हो या<br>Three similar works each costing not less than 40% of the estimated cost, i.e. **₹16.12 Lakhs** (or)<br>ii. दो समान कार्य, जिनमें प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत, जो कि **₹24.17 लाख** के 60% से कम न हो या<br>Two similar works each costing not less than 60% of the estimated cost, i.e. **₹24.17 Lakhs** (or)<br>iii. एक समान कार्य, जिसकी लागत अनुमानित लागत, जो कि **₹32.23 लाख** के 80% से कम न हो।<br>One similar work costing not less than 80% of the estimated cost, i.e. **₹32.23 Lakhs.** | i) कार्य आदेशों तथा कार्यानुभव से संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी पूर्णता प्रमाणपत्र की प्रमाणित प्रति।<br>Work orders and completion certificates issued by the authority concerned to establish work experience.<br><br>ii) निजी पार्टियों द्वारा जारी कार्यों की र्णता प्रमाणपत्र के साथ टीडीएस प्रमाणपत्र (स्रोत पर आय की कटौती) भी देना चाहिए।<br>Completion certificates for works issued by Private parties shall be supported by TDS (Tax Deducted at Source) certificates. |
| | नोट/Note :<br>i) समान कार्य से आशय है भवन में विद्युतीकरण \|<br>Similar works shall mean electrification of building. | |
| | ii) किए गए कार्यों का मूल्य, कार्य के वास्तविक मूल्य में 7% प्रति वर्ष की साधारण दर से बढ़ोत्तरी करने पर वर्तमान लागत स्तर तक हो जाना चाहिए, जिसकी गणना कार्य समाप्त होने की तिथि से बोली के प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि तक की जाए \|<br>The value of executed works shall be brought to current costing level by enhancing the actual value of work at simple rate of 7% per annum, calculated from the date of completion to last date of submission of bids. | |
| | iii) **उप-करार या संयुक्त-उद्यम के रूप में कार्यान्वित कार्य पात्रता/मूल्यांकन के लिए योग्य नहीं होगा।**<br>**Work executed as sub-contract or joint venture will not merit for eligibility / evaluation.** | |

| | | |
|---|---|---|
| b. | पिछले वर्ष के 31 मार्च को समाप्त (31.03.2025) पिछले तीन वर्षों में औसत वार्षिक वित्तीय कारोबार, कार्य की अनुमानित लागत, के 30% से कम नहीं होना चाहिए यानी कि **₹12.09 लाख**। Should have had average annual financial turnover not less than 30% of the estimated cost of the work during the last three years ending 31st March of preceding year (31.03.2025), i.e. **₹12.09 Lakhs.** | वार्षिक वित्तीय टर्नओवर तथा लाभ एवं हानि दर्शाते हुए तुलन पत्र के लिए चार्टेड लेखाकार प्रमाण-पत्र। Chartered Accountant certificate for the Annual financial turnover and balance sheet showing Profit & Loss. |
| c. | 31 मार्च 2025 को समाप्त पिछले पाँच वर्षों के दौरान दो से अधिक वर्षों में कोई हानि नहीं हुई होनी चाहिए। Should not have incurred any loss in more than two years during the last five years ending 31st March 2025. | |
| d. | कार्य की अनुमानित लागत, याने **₹16.12 लाख** के 40% की शोधन क्षमता होनी चाहिए।<br>Should have a solvency of 40% of the estimated cost of the work, i.e. **₹16.12 Lakhs.** | किसी अनुसूचित बैंक से प्राप्त अधुनातन संपन्नता प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रति **(संपन्नता प्रमाण-पत्र बोलियों के प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि से छः महीने से अधिक पुरानी न होनी चाहिए)।** Certified copy of latest Solvency Certificate from any Scheduled Bank (Solvency Certificate should not be older than six months from the last date of submission of bids). |
| e. | ठेकेदार की बोली लगाने की क्षमता निविदा में दी गई कार्य की अनुमानित लागत से अधिक होनी चाहिए। निविदाकार को फॉर्मूला (AxNx2)-B के आधार पर अपनी बोली लगाने की क्षमता की गणना कर उसे घोषित करना होगा और निविदा दस्तावेज़ के लिए निवेदन के साथ संलग्न करना होगा।<br>The bidding capacity of the contractor should be more than the estimated cost of the work put to tender. The bidding capacity shall be worked out and declared by the tenderer and enclosed with the request for tender document based on the formula: (AxNx2)-B<br>जहाँ/where,<br><br>**A-** पूरे किए गए कार्य जो प्रगति पर है का ध्यान रखते हुए वर्तमान मूल्य स्तर पर गत 5 वर्षों के दौरान एक वर्ष (एक वर्ष में किया गया अधिकतम टर्नओवर) में किए गए अधिकतम कार्य का मूल्य।<br>Maximum value of work executed in one year (maximum turnover in one year) during last 5 years at current price level taking into account the work completed as well as work in progress. | i. संलग्न प्रपत्र-1 के अनुसार विषयक निविदा हेतु उल्लेखित समापन की निर्धारित अवधि के दौरान इसे प्रत्येक कार्यों के लिए वित्तीय प्रतिबद्धता दर्शाते हुए चालू कार्य का विवरण। यह पैरामीटर 'बी' की पुष्टि में आवश्यक है। A statement of ongoing works indicating financial commitment for each of these works during the stipulated period of completion mentioned for the subject tender as per Format-1 enclosed herewith. This is required in support of parameter 'B<br><br>ii. उपर्युक्त नोट (ii) में दर्शाए गए अनुसार कार्य के मूल्य हेतु वर्तमान लागत स्तर निकाला जाए।<br>Current costing level for value of work may be worked out as mentioned in the note (ii) above. |

| | | |
|---|---|---|
| | B- वर्तमान मूल्य स्तर पर अगले **'N'** वर्षों (यानि कार्य पूरा होने की तिथि, महीनो में/12) के दौरान पूरे किए जाने वाले चले कार्यों के लिए मौजूदा वित्तीय प्रतिबद्धताओं का मूल्य।<br>Value of existing commitments and ongoing work to be completed during the next 'N' years (i.e. Period of completion, in months /12) at current price level.<br>N- उपर्युक्त संविदा जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है, को पूरा करने हेतु निर्धारित वर्षों की संख्या ।<br>Number of years prescribed for completion of the subject contract, for which bids are invited. | |
| f. | **केवल विद्युत कार्यों के लिए लागू :**<br>**Applicable for electrical works only:**<br>बोलीकर्ता के पास केंद्रीय या राज्य विद्युत प्राधिकरण द्वारा जारी उचित वर्ग तथा श्रेणी **(न्यूनतम 150 kW)** के वैध विद्युत संविदाकार लाइसेन्स होना चाहिए।<br>The bidder shall possess **valid electrical contractor's license** of appropriate class and category **(minimum 150 kW)** issued by Central or State Electricity Authority. | वैध विद्युत संविदाकार के लाइसेन्स की प्रमाणित प्रति।<br>Certified copy of **valid electrical contractor's license.** |

3. निविदा विज़ार्ड में पंजीकृत तथा निविदा प्रक्रिया शुल्क का भुगतान कर निविदा दस्तावेज़ www.tenderwizard.in/ISRO वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। विक्रेता पंजीकरण की प्रक्रिया उपर्युक्त वेबसाइट में दर्शाई गई है। ई-गेटवे के ज़रिए निविदा प्रक्रिया शुल्क मेसर्स आइटीआइ लिमिटेड को देय है।

   Tender documents can be downloaded from website www.tenderwizard.in/ISRO by registering with tender wizard and paying tender processing fee. The procedure for vendor registration is displayed in the above website. Tender processing fee is payable to M/s ITI Ltd through E-gateway.

4. निविदा दस्तावेज़ों को डाउनलोड करने मात्र से निविदाकार को बोली लगाने में पात्र नहीं हो जाएगा। निविदाकार द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ तत्पश्चात् विभाग द्वारा सत्यापित किए जाएंगे। यदि पाया गया कि वे आवश्यकता को पूरा नहीं करते हैं तो ऐसे प्रस्ताव को रद्द किया जाएगा।

   Downloading of tender documents alone will not make a tenderer eligible for participating in the bidding. The documents uploaded by the tenderers will be subjected to verification subsequently by Department. If found not meeting the requirement, such offers will be rejected.

5.

   ए) निविदाकार को उपर्युक्त पैरा 1 में दी गई राशि की बयाना जमा राशि मांग-पत्र रसीद/किसी अनुसूचित बैंक द्वारा सावधि जमा रसीद के रूप में, **लेखा अधिकारी, वीएसएससी, तुंबा, तिरुवनंतपुरम - 695 022** के नाम किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी डिमांड ड्राफ्ट (या) अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी के रूप में जमा करना होगा। बयाना जमा राशि, निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि से **180 दिनों** तक मान्य होगी। यदि ईएमडी, डीडी के रूप में प्रस्तुत किया गया है तो निविदाओं को खोलने पर तुरंत उसका नकदीकरण किया जाएगा और असफल निविदाकारों के लिए विभाग द्वारा चैक के माध्यम से/इलेक्ट्रॉनिक रूप में ईएमडी की वापसी की जाएगी।

a) Tenders should be accompanied with Earnest Money Deposit for value specified in Para 1 above, in the form of Deposit at Call receipt / Term Deposit Receipt / Demand Draft of any Scheduled Bank issued in favour of **Accounts Officer, VSSC, Thumba, Trivandrum-695 022** (or) in the form of Bank guarantee issued by a scheduled bank. Earnest Money Deposit shall be valid for **180 days** from the due date of receipt of tenders. In case EMD in the form of DD is furnished, the same will be encashed immediately on opening of tenders and refund of EMD for unsuccessful tenderers will be made through Cheque/electronically by the Department.

बी) निविदा लागत/ईएमडी में छूट का दावा करनेवाले एमएसई यूनिटों को उद्‌यम ज्ञापन पंजीकरण प्रमाणपत्र या जिला उद्‌योग केंद्र (डीआइसी)/खादी एवं ग्राम उद्‌योग बोर्ड (केवीआइबी)/कयर बोर्ड/राष्ट्रीय लघु उद्‌योग आयोग (एनएसआइसी)/हैंडिक्रैफ्ट एवं हैंडलूम निदेशालय या एमएसएमई मंत्रालय द्‌वारा विनिर्दिष्ट कोई अन्य निकाय द्‌वारा जारी पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए। ज्ञापन/प्रमाणपत्र निविदा की नियत तिथि/बढ़ाई गई नियत तिथि तक वैध होना चाहिए।

b) The MSE units claiming exemption of Tender cost / EMD should submit UDYAM REGISTRATION CERTIFICATE or registration certificate issued by District Industries Centre (DIC) / Khadi Village & Industries Board (KVIB) / Coir Board / National Small Industries Commission (NSIC) / Directorate of Handicrafts and handlooms or any other body specified by Ministry of MSME. The memorandum / certificate shall be valid as on due date / extended due date of the tender.

6. उपर्युक्त पैरा 1 में विनिर्दिष्ट अनुबंधित तिथि और समय उप प्रभाग प्रधान, निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग-संविदा, वीएसएससी, तुंबा, तिरुवनंतपुरम के कार्यालय में निविदाएं खोली जाएंगी।
Tenders will be opened at the Office of the Deputy Division Head, Construction and Maintenance Division-Contracts, VSSC, Thumba, Trivandrum on the stipulated date and time specified in Para 1 above.

7. ए) ईएमडी का मूल साधन, निविदा खोलने की नियत तिथि और समय को या उससे पहले, उप प्रभाग प्रधान, निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग-संविदा, वीएसएससी, तुंबा, तिरुवनंतपुरम के कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यदि निविदा खोलने की नियत तिथि और समय को या उससे पहले वैध ईएमडी प्राप्त नहीं की जाती है तो निविदा को सरसरी तौर पर अस्वीकृत किया जाएगा।

a) Original instrument of EMD shall be submitted preferably by hand / speed post to the Office of the Deputy Division Head, Construction and Maintenance Division-Contracts, VSSC, Thumba, Trivandrum on or before due date and time of opening of tender. If valid EMD is not received on or before due date and time of opening of tender, the tender offer shall be summarily rejected.

बी) निविदा लागत/ईएमडी में छूट का दावा करनेवाले एमएसई यूनिटों को उद्‌यम ज्ञापन पंजीकरण प्रमाणपत्र या पंजीकरण प्रमाणपत्र ऊपर पैरा 5(बी) में सूचितानुसार अनुप्रमाणित हार्ड प्रति प्रस्तुत करनी चाहिए। उपर्युक्त ज्ञापन/प्रमाणपत्र की हार्ड प्रति उप प्रभाग प्रधान, निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग-संविदा, वीएसएससी, तुंबा, तिरुवनंतपुरम के कार्यालय में निविदा खोलने की नियत तिथि को तथा समय पर या उससे पहले प्रस्तुत करनी होगी। यदि निविदा खोलने की नियत तिथि को तथा समय पर या उससे पहले हार्ड प्रति प्राप्त नहीं होती है तो सरसरी तौर पर निविदा प्रस्ताव को अस्वीकृत किया जाएगा।

b) The MSE units claiming exemption of Tender cost / EMD should submit attested hard copy of UDYAM REGISTRATION CERTIFICATE or registration certificate as indicated in para 5(b) above. The hard copy of above memorandum / certificate shall be submitted preferably by hand / speed post to the office of the Deputy Division Head, Construction and Maintenance Division-Contracts, VSSC, Thumba, Trivandrum on or before due date and time of opening of tender. If hard copy is not received on or before due date and time of opening of tender, the tender offer shall be summarily rejected.

8. **निविदा खोलने की अंतिम तिथि को केवल ईएमडी की घोषणा प्रस्तुत करनेवाले निविदाकारों की तकनीकी एवं वाणिज्यिक बोली खोली जाएगी।** तकनीकी एवं वाणिज्यिक बोली खोली जाने पर आगे विस्तृत संवीक्षा / मूल्यांकन किए जाएंगे। तकनीकी एवं वाणिज्यिक बोली के मूल्यांकन के दौरान, निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज़ों का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया जाएगा। यदि पाया गया कि कोई निविदा योग्यता मानदंड़ को पूरा नहीं करती तो वह इसी चरण से अस्वीकार कर दी जाएगी और ऐसे प्रस्तावों को आगे की प्रक्रिया हेतु शामिल नहीं किया जाएगा। इस चरण में आगे, तकनीकी मूल्यांकन समिति (टीईसी) द्वारा निविदाकार की क्षमता का मूल्यांकन और साथ ही निविदाकार द्वारा किए गए कार्यों में से कुछ का निरीक्षण भी किया जाएगा। मूल्यांकन के मानदंड़ के साथ तकनीकी मूल्यांकन प्रपत्र इस निविदा दस्तावेज़ के साथ संलग्न है। मूल्य बोली, निर्दिष्ट तिथि (योग्य निविदाकारों को इसकी सूचना दी जाएगी) को अलग से, केवल उन्हीं निविदाकारों की खोली जाएगी जो निरीक्षण तथा तकनीकी मूल्यांकन के दौरान योग्य पाए जाएंगे और निविदा प्रक्रिया/शर्तों के अनुसार आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

   **On the due date of opening, the Technical & Commercial bid of those tenderers who furnished valid EMD only will be opened.** On opening of Technical & commercial bid, further detailed scrutiny / evaluation will be carried out. During the evaluation of techno-commercial bids, the documents furnished by the tenderers will be scrutinized in detail. Any tender, found as not fulfilling the eligibility criteria will be rejected at this stage and such offers will not be considered for further processing. At this stage, the competency of the tenderers will be further evaluated by a Technical Evaluation Committee (TEC), including inspection of selected works carried out by tenderers. The Technical Evaluation format including the evaluation criteria is enclosed in the tender document. The price bid of only those tenderers who have been qualified during the scrutiny and technical evaluation will be opened separately on a specified date (with due intimation to the qualified bidders) and further processed, as per tender procedure/ stipulations.

   **नोट:** कोई विशेष निविदाकार, जिन्हें समान प्रकृति तथा परिमाण तथा मूल्यांकन के समान मानदंड के किसी कारय हेतु पिछले एक वर्ष के अंदर इसरो केंद्रों में से किसी द्वरा तकनीकी रूप में मूल्यांकित किया गया है, को पुनः मूल्यांकित नहीं किया जाएगा और वर्तमान निविदा की पात्रता के निर्धारण के लिए पिछले मूल्यांकन अंक लिए जाएंगे।

   ***Note:*** Any particular tenderer who has been technically evaluated by any of ISRO Centres in the past one year for any work of similar nature and magnitude and for same criteria of evaluation, such bidders will not be re-evaluated and the scores of the previous evaluation will be taken for the assessment of the eligibility for the present tender.

9. निविदाकार, जिसका प्रस्ताव स्वीकार किया गया है, उसे दिए गए मूल्य के 5% (पाँच प्रतिशत) का कार्य की गारंटी, आशय-पत्र/कार्य आदेश के जारी होने के दिनांक से 15 दिनों के अंदर होगा। यह गारंटी मांग-पत्र रसीद/किसी अनुसूचित बैंक द्वारा सावधि जमा रसीद के रूप में, **लेखा अधिकारी, वीएसएससी, तुंबा-695 022** के नाम में (या) अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी के रूप में निर्धारित प्रारूप में जमा करना होगा। यदि निविदाकार, बढ़ाई गई अवधि, यदि कोई हो तो, सहित निर्धारित अवधि के अंदर, उपर्युक्त निष्पादन गारंटी करने में असफल रहता है तो ठेकेदार द्वारा जमा की गई बयाना जमा राशि, जुरमाने के तौर पर रख ली जाएगी और आशय-पत्र/कार्य आदेश निविदाकार को कोई सूचना दिए बिना स्वतः ही रद्द हो जाएगी। उपर्युक्त निष्पादन गारंटी प्राप्त होने के बाद ही निविदा सहित बयाना जमा राशि लौटाई जाएगी।

The contractor, whose offer is accepted, will be required to furnish performance guarantee of 5% (Five Percent) of the tendered amount within 15 days from the date of issue of letter of intent/work order. This guarantee shall be in the form of Deposit at Call receipt/Term Deposit Receipt of any Scheduled Bank issued in favour of **Accounts Officer, VSSC, Thumba, Thiruvananthapuram – 695 022** (or) in the form of Bank guarantee issued by a scheduled bank in accordance with the prescribed form. In case the contractor fails to deposit the said performance guarantee within the period specified including the extended period if any, the Earnest Money deposited by the contractor will be forfeited and letter of intent/work order cancelled automatically without any notice to the contractor. The Earnest Money deposited along with tender shall be refunded only after receiving the aforesaid performance guarantee.

10. निविदा प्रस्तुत करने से पहले इच्छुक निविदाकार, **ग्रुप निदेशक, सीएमजी/प्रधान, सीएमडी/ उप प्रभाग प्रधान, सीएमडी-संविदाएं/इंजीनियर-एसजी/इंजीनियर-एसएफ/इंजीनियर-एसई/इंजीनियर-एसडी** की पूर्वानुमति से स्थल का निरीक्षण कर सकते हैं।
Intending tenderers may inspect the site before submitting the tenders, with the prior permission of **Group Director, CMG/ Head CMD/ Deputy Division Head, CMD-contracts / Engineer-SG / Engineer-SF/Engineer-SE/ Engineer-SD.**

11. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा स्वीकार करनेवाला प्राधिकरण न्यूनतम या किसी अन्य निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है और कोई कारण बताए बिना किसी या प्राप्त सभी निविदाओं को रद्द करने का अधिकार रखता है। सभी निविदाएं जो निर्दिष्ट शर्तों को पूरा नहीं करती हों या कोई शर्त जिसमें निविदाकार द्वारा शर्तबद्ध छूट दी गई है, अस्वीकार कर दी जाएंगी।
The tender accepting authority on behalf of President of India is not bound to accept the lowest or any other tender and reserves the authority to reject any or all the tenders received without assigning any reason. All tenders in which any of the prescribed condition is not fulfilled or any condition including that of conditional rebate is put forth by the tenderer shall be summarily rejected.

12. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा स्वीकार करनेवाला प्राधिकरण कार्य आदेश जारी करने से पहले कार्य क्षेत्र में परिवर्तन/या कार्य की मात्रा में कमी का भी अधिकार रखता है तथा निविदाकार इस संबंध में कोई भी दावा नहीं करेगा।
The tender accepting authority on behalf of President of India also reserves the right to alter the scope/ or reduce quantum of work before issue of work order and the tenderer shall not have any claim what so ever on this account.

13. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा स्वीकार करनेवाला प्राधिकरण निविदा को पूर्ण रूप से या उसके किसी भाग को स्वीकार करने का अधिकार रखता है तथा निविदाकार को दिए गए मूल्य पर ही कार्य करना होगा।
The tender accepting authority on behalf of President of India reserves the right of accepting the whole or any part of the tender and the tenderer shall be bound to perform the same at the rate quoted.

14. निविदा के संबंध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी पक्ष-प्रचार सख्ती से निषिद्ध है और ठेकेदार जिसने पक्ष-प्रचार करने की कोशिश की है उसके द्वारा प्रस्तुत की गई निविदा अस्वीकार कर दी जाएगी।
Canvassing directly or indirectly, in connection with tender is strictly prohibited and the tenders submitted by the contractors who resort to canvassing will be liable for rejection.

15. निविदा स्वीकार करनेवाला प्राधिकरण सरकार द्वारा समय-समय पर जारी की जानेवाली नीतियों के अनुसार प्रस्तावों को प्राथमिकता देने का विकल्प रखता है।

The tender accepting authority reserves the option to give preferences to the offers in accordance with the policies of the Government from time to time.

16. निविदाकार को विभाग के केंद्र के उस प्रभाग में निविदा जमा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जिसमें संविदा देने और उसके कार्यान्वयन हेतु जिम्मेदार कार्यरत व्यक्ति उसका/उसकी कोई नज़दीकी रिश्तेदार है। उसे उन व्यक्तियों का नाम भी सूचित करना होगा जो उसके साथ किसी भी क्षमता में काम कर रहे हैं या जो उसके वहाँ कार्यरत हैं और जो अंतरिक्ष विभाग में कार्यरत राजपत्रित अधिकारी का नज़दीकी रिश्तेदार है। ठेकेदार द्वारा इस शर्त का उल्लंघन करने पर उसके द्वारा जमा की गई निविदा रद्द कर दी जाएगी तथा संविदा निरस्त हो जाएगी।
The contractor shall not be permitted to tender for works in the Division of that particular Centre of the Department responsible for award and execution of contracts for which his/her near relative is working. He/she shall also intimate the names of persons who are working with him in any capacity or are subsequently employed by him and who are near relatives to any Gazetted Officer in the Department of Space. Any breach of this condition by the contractor would render him liable for rejection of tender or cancellation of contract.

17. निविदा, उपर्युक्त पैरा 1 के अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि से **कम-से-कम 120 दिनों तक** मान्य होगी। यदि कोई निविदाकार मान्य अवधि के अंदर अपना प्रस्ताव वापस लेता है या निविदा की शर्तों एवं निबंधनों में कुछ परिवर्तन करता है जो विभाग, सरकार को स्वीकार नहीं है तो सरकार बिना किसी अधिकार या उपाय पर कोई पक्षपात किए बिना बयाना जमा राशि के 50 % (पचास प्रतिशत) का जुर्माना लगाने का अधिकार रखता है। आगे, निविदाकार को कार्य की पुनर्निविदा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
The tender should be valid for **minimum period of 120 days** from the due date of receipt of the tender specified in Para 1 above. If any tenderer withdraws the offer within the validity period or makes any modifications in the terms and conditions of the tender which are not acceptable to the Department, the Government shall without prejudice to any other right or remedy, be at liberty to forfeit 50% (Fifty Percent) of the Earnest Money Deposit absolutely. Further, the tenderer shall not be allowed to participate in the re-tendering process of the work.

18. निविदा पर निर्णय होने पर, सफल निविदाकारों के साथ एक करार किया जाएगा।
On concluding the tender, an agreement shall be drawn with the successful tenderer.

**ग्रूप निदेशक / Group Director**
**सीएमजी, वीएसएससी / CMG, VSSC**

**तकनीकी-वाणिज्यिक बोली के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों के स्कैन की गई प्रति प्रस्तुत की जाए, जिसमें असफल होने पर निविदाकारों को अस्वीकृत किया जाएगा।**

**SCANNED COPY OF THE FOLLOWING DOCUMENTS SHALL BE SUBMITTED ALONG WITH TECHNO-COMMERCIAL BID, FAILING WHICH THE TENDERERS ARE LIABLE TO BE REJECTED.**

1. वर्क ऑन हैंड स्थापित करने हेतु संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए कार्य आदेश
   Work orders issued by the authority concerned to establish experience in the work on hand.
2. कार्यानुभव स्थापित करने हेतु संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए समाप्ति प्रमाणपत्र
   Completion certificates issued by the authority concerned to establish work experience.
3. पात्रता मानदंड के अनुसार समान प्रकृति तथा तुलनीय परिमाण का कार्य करने का दस्तावेजी प्रमाण
   Documentary proof for having executed the work of similar nature and comparable magnitude as per the eligibility criteria.
4. निजी पार्टियों द्वारा जारी कार्यों हेतु समाप्ति प्रमाणपत्र टीडीएस (स्रोत पर काटा गया कर) प्रमाणपत्रों से समर्थित होने चाहिए।
   Completion certificate for works issued by private parties shall be supported by TDS (Tax Deducted at Source) certificates.
5. चार्टेड लेखाकार द्वारा जारी दिनांक 31.03.2025 को समाप्त होनेवाले अंतिम पांच वर्षों के लाभ तथा हानि दिखानेवाले वार्षिक वित्तीय व्यापार की मात्रा तथा तुलन पत्र, लाभ तथा हानि लेखा विवरण
   Annual financial turn over and balance sheet showing profit and loss, profit & loss account statement for the last five years ending 31.03.2025 issued by chartered accountant.
6. किसी अनुसूचित बैंक से प्राप्त अधुनातन संपन्नता प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रति (संपन्नता प्रमाण-पत्र बोलियों के प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि से छः महीने से अधिक पुरानी न होनी चाहिए)
   Certified copy of latest Solvency Certificate from any Scheduled Bank (Solvency Certificate should not be older than six months from the last date of submission of bids).
7. बोली लगाने की क्षमता परिकलन/Calculation of bidding capacity (Please refer NIT).
8. विद्युत ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रति। Copy of valid electrical contractor's license.
9. संविदा की सामान्य शर्तों के प्रारूप-1 के अनुसार विषयाधीन निविदा के लिए उल्लिखित अनुबंधित समाप्ति अवधि के दौरान इन कार्यों में प्रत्येक की वित्तीय प्रतिबद्धता सूचित करते हुए चल रहे कार्यों की सूची। A list of ongoing works indicating financial commitment for each of these works during the stipulated period of completion mentioned for the subject tender as per Format-1 in General Conditions of Contract (Page No.E.86).
10. संविदा की सामान्य शर्तों के प्रारूप-2 के अनुसार कार्य का मूल्य, समाप्ति की तिथि, समय बढ़ोत्तरी आदि सूचित करते हुए समाप्त कार्यों की सूची (पृष्ठ सं. ई.86)
    A list of completed works indicating value of work, date of completion, extension of time etc., as per Format-2 in General Conditions of Contract (Page No.E.86).
11. पैन/टैन के ब्यौरे/PAN/TAN details.
12. **बयाना जमा राशि/Earnest Money Deposit.**
13. ब्यौरे सहित कंपनि की रूपरेखा/Company Profile with details.
14. जीएसटी पंजीकरण प्रमाणपत्र/GST registration certificate.
15. अतिरिक्त दस्तावेज, यदि कोई हो तो/ADDITIONAL Documents, if any.

## महत्वपूर्ण नोट / IMPORTANT NOTE

- ईएमडी का मूल दस्ताबेज / एमएसएमई पंजीकरण प्रमाणपत्र, निविदा खोलने की नियत तिथि और समय को या उससे पहले, उप प्रभाग प्रधान, निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग - संविदा, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र, तुंबा, इसरो पी.ओ., तिरुवनंतपुरम - 695022, केरल के कार्यालय में सीधा सौंपना चाहिए या स्पीड पोस्ट द्वारा भेजना चाहिए । यदि निविदा खोलने की नियत तिथि और समय को या उससे पहले वैध ईएमडी / एमएसएमई पंजीकरण प्रमाणपत्र का हार्ड प्रति प्राप्त नहीं की जाती है, तो निविदा को सरसरी तौर पर अस्वीकृत किया जाएगा।
  Original document of EMD / MSME registration certificate shall be submitted preferably BY HAND or sent through SPEED POST to the Office of the Deputy Division Head, Construction and Maintenance Division - Contracts, Vikram Sarabhai Space Centre, Thumba, ISRO P.O., Thiruvananthapuram – 695022, Kerala on or before due date and time of opening of tender. If hard copy of the valid EMD / MSME registration certificate is not received on or before due date and time of opening of tender, the tender offer will be summarily rejected.

- वर्तमान सुरक्षा सलाह के अनुसार, संविदाकारों/सुपरवाइजरों की वैयक्तिक गाड़ियों को, सुरक्षा कारणों से, कैंपस के अंदर चलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। तथापि, सुरक्षा नयाचार के अनुसार समय-समय पर इसकी समीक्षा की जाएगी। लदान तथा कार्यस्थल में उतारने हेतु सामग्रियों से युक्त वाहनों को आवश्यक अनुमोदन तथा पास के बाद अनुमति दी जाएगी।
  As per the present security advice, the contractors / supervisors personal vehicles will not be allowed for the movement inside the campus due to security reasons. However, this will be reviewed periodically as per the security protocol. Vehicle with materials for loading and unloading to site will be permitted after necessary approval and pass.